आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 21.06.2026 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोलकाता में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रमुख कार्यक्रम में राष्ट्र का नेतृत्व किया। कहा– योग, मानसिक स्वास्थ्य से शारीरिक स्वास्थ्य का मार्ग प्रशस्त करता है।
- राज्य में पहाड़ से लेकर मैदान तक हजारों लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में योग एवं वेलनेस की वैश्विक राजधानी बनाने की दिशा में राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।
- और...प्रधानमंत्री मोदी ने कोलकाता में स्वदेशी रूप से निर्मित नौसेना के तीन पोत राष्ट्र को समर्पित किए। कहा– घरेलू रक्षा उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं।

------------

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस–1

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कोलकाता में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रमुख कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि योग, मानसिक स्वास्थ्य से शारीरिक स्वास्थ्य का मार्ग प्रशस्त करता है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस–2

आज 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रदेश में पहाड़ से लेकर मैदान तक सभी जिलों में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। राजधानी देहरादून, चारधाम, यमनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ धाम और ऊखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर परिसर, औली, ऋषिकेश, मसूरी, देहरादून, चमोली और सीमांत क्षेत्रों में हजारों लोगों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। इस बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चंपावत जिले के बनबसा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों के साथ योगाभ्यास किया। उन्होंने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को योग एवं वेलनेस की वैश्विक राजधानी के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री सशस्त्र सेना के जवानों के साथ 'एक वृक्ष योग के नाम' अभियान के आम का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। वहीं विधानसभा अध्यक्ष एवं कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार क्षेत्र में आयोजित विभिन्न योग कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने रतनपुर ग्रास्टनगंज, मालवीय उद्यान और निम्बूचौड़ में आयोजित सामूहिक योग सत्रों में प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का सशक्त माध्यम है औरस्वस्थ और आत्मनिर्भर समाज के निर्माण में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और योग साधक मौजूद रहे।

## आईएनएस पोत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कोलकाता में स्वदेश निर्मित नौसेना के तीन पोत – आईएनएस दुनागिरी, संशोधक और अग्रय को राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत जहाज निर्माण क्षेत्र में नई सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल के वर्षों में कई नीतिगत सुधार किए हैं और घरेलू निर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन के साथ–साथ रक्षा निर्यात में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

नौसेना के अनुसार, इन तीनों पोतों में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है और निर्माण में 200 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों का योगदान रहा है।

## शिलान्यास व लोकार्पण

कैबिनेट मंत्री और श्रीनगर विधायक डॉ. धन सिंह रावत ने आज पौड़ी गढ़वाल जिले के पाबौ और पैठाणी क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पर्यटन क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने संस्कृत विद्यालय ओड़लीनांदा में लगभग 34 लाख रुपये की लागत से निर्मित नव भवन का लोकार्पण, जबकि विकासखंड थलीसैंण के ग्राम पल्ली में लगभग 55 दशमलव 50 लाख रुपये की लागत से बनने वाले स्वास्थ्य उपकेंद्र का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने और गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

**भुभारंभ**

चमोली जिले में ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में एक और पहल की गई है। मंडल घाटी सीएलएफ के स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित "हिलांस भोजनालय" का आज राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि स्थानीय पहाड़ी उत्पादों को तीर्थयात्रियों और पर्यटकों तक पहुंचाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने जिले के प्रमुख यात्रा मार्गों पर ऐसे और सामुदायिक भोजनालय स्थापित करने के निर्देश भी दिए।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि ग्रामोत्थान परियोजना के तहत स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उनकी आय बढ़ाने और आर्थिक सशक्तिकरण में मदद मिल रही है।

**शिविर**

हरिद्वार में सरकार की जनकल्याणकारी व विकासपरक योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न नगर निकायों और विकासखंडों में जनकल्याण शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में लोगों की भारी भागीदारी देखने को मिली तथा प्राप्त अधिकांश शिकायतों और आवेदनों का मौके पर ही समाधान किया गया।

जिला प्रशासन के अनुसार आयोजित शिविरों में कुल 150 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 136 आवेदनों का तत्काल निस्तारण किया गया। वहीं 851 क्षेत्रवासियों ने शिविरों में पहुंचकर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और लाभ उठाया।

**<u>प्रवेश पंजीकरण</u>**

कुमाऊँ विश्वविद्यालय परिसर व संबद्ध महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए विधि पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार बीए एलएलबी, बीए एलएलबी (ऑनर्स) व बीबीए एलएलबी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पंजीकरण 20 जून से शुरू हो गया है। पंजीकरण की अंतिम तिथि आगामी 4 जुलाई निर्धारित है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय के समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थियों से समय सीमा के भीतर पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की।

**<u>पाठयक्रम शुरू</u>**

वहीं गोविंद बल्लभ पंत अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान घुड़दौड़ी में नए शैक्षणिक सत्र में शैक्षणिक कार्यक्रमों का विस्तार करते हुए तीन नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत की गई है। इनमें बीसीए, एमटेक स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग और एमटेक कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग शामिल हैं।

संस्थान के अनुसार इन पाठ्यक्रमों के प्रारम्भ होने से प्रदेश के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा एवं विशेषज्ञता आधारित तकनीकी अध्ययन के लिए राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

..............